जिसने सूर्य के पश्चिम से उदय होने से पहले तौबा कर ली, अल्लाह उसकी तौबा को ग्रहण करेगा।

अबू हुरैरा- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व
सल्लम) ने फ़रमायाः जिसने सूर्य के पश्चिम से उदय होने से पहले तौबा कर ली, अल्लाह
उसकी तौबा को ग्रहण करेगा।
[सह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

इस हदीस से मालूम हुआ कि पवित्र एवं उच्च अल्लाह अपने पापी बंदे की तौबा उस समय तक ग्रहण करेगा, जब तक सूरज अपने अस्त होने के स्थान उदय न हो जाए। क्योंकि यही तौबा ग्रहण होने के समय का अंतिम समय है और यह क़यामत की बड़ी निशानियों में से एक है।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/4797